दिन– गुरुवार दिनांक– 03 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित। विधेयक का उद्देश्य– विरासत स्थलों की सुरक्षा और वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है।

02. वक्फ संशोधन विधेयक आज राज्यसभा में चर्चा के लिए पेश किया जायेगा।

03. महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना जतायी। कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका।

———————————————————

लोकसभा ने विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित कर दिया है। लोकसभा में दो सौ अट्‌ठासी सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में जबकि दो सौ बत्तीस सदस्यों ने विरोध में मतदान किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन में विधेयक पारित होने की घोषणा की।

———बाईट———

लोकसभा में बारह घंटे से अधिक समय देर रात तक विधेयक पर चर्चा हुई। इस विधेयक का उद्देश्य विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ ही वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है। विधेयक में मुस्लिम महिलाओं– विशेष रूप से विधवाओं और तलाकशुदा महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार का भी प्रावधान है। विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने इस धारणा को गलत बताया है कि गैर–मुस्लिम वक्फ बोर्ड के कामकाज में हस्तक्षेप करेंगे। श्री रिजीजू ने कहा कि विधेयक का उद्‌देश्य किसी की सम्पत्ति को जब्त करना नहीं है।

———बाईट———

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने विपक्ष पर विधेयक के बारे में लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। इससे पहले चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सरकार पर इस विधेयक के बारे में लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने

कहा कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है। एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह विधेयक सभी धर्मों की समानता के संवैधानिक प्रावधान के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अनुच्छेद छब्बीस का उल्लंघन है।

———बाईट———

चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वक्फ में कोई भी गैर–मुस्लिम नहीं आएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कानून न्याय और लोक कल्याण के लिए होता है।

———बाईट———

————————————————————————

जनता दल यूनाइटेड के नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि चर्चा के आरंभ से ही ऐसा वातावरण बनाने का प्रयास किया गया जैसे विधेयक मुस्लिम विरोधी हो। उन्होंने कहा कि विधेयक मुस्लिम विरोधी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी और उनका दुरुपयोग रुकेगा।

————————————————————————

इधर, लोकसभा ने मुसलमान  वक्फ– निरसन विधेयक दो हजार चौबीस को भी मंजूरी दी है। वहीं, वक्फ विधेयक को आज राज्यसभा में चर्चा के लिए पेश किया जायेगा।

————————————————————————

वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित होने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, कांग्रेस ने वर्ष दो हजार तेरह में तुष्टीकरण के लिए जो गलतियां की थीं, हमने उसे सुधारा है।

———बाईट———

————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम समाज के हित में है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के माध्यम से समाज की भलाई के लिए कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हो रहा है।

———बाइट———

————————————————————————

राज्यसभा के पूर्व सांसद और प्रख्यात चिकित्सक डॉक्टर एजाज अली ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया हैं।

---बाईट---

-----------------------------------------

बिहार शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अफजल अब्बास ने वक्फ बोर्ड में सुधारों का समर्थन किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीनों से अतिक्रमण हटाने की जो बात **कही** गयी है वह तारीफ के काबिल है।

---बाइट---

पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. फिरोज मंसूरी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि वक्फ संशोधन बिल पसमांदा मुस्लिम समाज के लिए एक नई सुबह लेकर आया है।

---बाइट---

-----------------------------------------

लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

---बाईट---

चार दिवसीय इस पर्व के आखिरी दिन कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही इस महापर्व का समापन हो जायेगा। इससे पूर्व चार दिवसीय महानुष्ठान के दूसरे दिन कल व्रतियों ने भगवान भास्कर को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला निराहार व्रत शुरू हो गया जो पर्व के समापन तक जारी रहेगा। छठ को लेकर पूरे प्रदेश का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जगह–जगह मठ–मंदिरों की सजावट की गयी है। श्रद्धालु गंगा, गंडक, कोसी, सोन, बागमती और राज्य की अन्य नदियों के तट और तालाबों में छठ पूजा करेंगे। औरंगाबाद के प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर, नालंदा के ओंगारीधाम, भोजपुर के बेलाउर सूर्य मंदिर और राज्य के अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पूजा कर रहे हैं।

---बाईट---

-----------------------------------------

उच्चतम न्यायालय ने राज्य में पुलों के गिरने के मामले को लेकर दायर याचिकाओं को सुनवाई के लिए पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजय खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुये यह निर्देश दिये। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय को चौदह मई

से इन मामलों की सुनवाई शुरू करने और नियमिति मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

दूरसंचार विभाग ने अनाधिकृत प्रचार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए करीब एक लाख पचहत्तर हज़ार बेस फोन को बंद कर दिया है। संचार मंत्रालय के अनुसार शून्य सात तीन एक, शून्य सात नौ, शून्य आठ शून्य और अन्य नंबरों से स्पैम कॉल किए जा रहे थे। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से इस तरह की गतिविधियां रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई करने को कहा है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत अधिकांश स्थानों पर मौसम में बदलाव हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर बादल छाये रहने से प्रदेशवासियों को तेज धूप से राहत मिली है। वहीं, कई स्थानों पर तापमान में भी कमी दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में गोपालगंज और खगड़िया प्रदेश के सबसे गर्म स्थान रहे। यहां का अधिकतम तापामन सैंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आज गोपालगंज, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जतायी गयी है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा में वक्फ बिल पारित होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– वक्फ बिल लोकसभा से पारित। सदन में रात दो बजे मत विभाजन के बाद फैसला।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– विधेयक पारित करने के लिए आधी रात के बाद भी बैठा रहा सदन, केन्द्र ने विपक्ष की सारी आपत्तियों का जवाब दिया और आशंकाएं दूर कीं।

दैनिक भास्कर ने अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर लिये गये निर्णय को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– तैंतालीस लाख करोड़ रूपये की भारत–अमेरिका ट्रेड डील तेज, ईवी टैरिफ में कमी संभव।

प्रभात खबर की सुर्खी है– लालू प्रसाद की तबीयत बिगड़ी, ईलाज के लिए दिल्ली एम्स गये।

आज अखबर की बड़ी खबर है– बिहार में मठ–मंदिरों पर अतिक्रमण रूकेगा, राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने शुरू की तैयारी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित। विधेयक का उद्देश्य– विरासत स्थलों की सुरक्षा और वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन सुव्यवस्थित करना है।

02. वक्फ संशोधन विधेयक आज राज्यसभा में चर्चा के लिए पेश किया जायेगा।

03. महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज गोपालगंज, बक्सर, कैमूर और रोहतास जिले में तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना जतायी। कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।